# शास्त्रीय भाषा के लिये मानदंड

## प्रिलिम्स के लिये:

शास्त्रीय भाषा, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, 8वीं अनुसूची

## मेन्स के लिये:

शास्त्रीय भाषा का दर्जा प्राप्त होने से लाभ, समावेशन के मानदंड, शास्त्रीय भाषा सूची में समावेशन की मांग।

स्रोत: द हिंदू

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में **केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय** की **भाषाविज्ञान विशेषज्ञ समिति** की सिफारिशों के बाद, केंद्र सरकार ने **शास्त्रीय भाषा का दर्जा प्रदान करने के मानदंडों को संशोधित करने** का निर्णय लिया है।

## शास्त्रीय भाषाएँ क्या हैं?

- **परिचय:**
  - **वर्ष 2004** में भारत सरकार ने "**शास्त्रीय भाषाएँ**" नामक भाषाओं की एक नई श्रेणी बनाने का निर्णय लिया।
  - वर्ष 2006 में इसने **शास्त्रीय भाषा का दर्जा देने के लिये मानदंड निर्धारित** किये। अब तक **6 भाषाओं को शास्त्रीय भाषा का दर्जा** प्रदान किया जा चुका है।

| क्रम. | भाषा | घोषित करने का वर्ष |
|---|---|---|
| 1. | तमिल | 2004 |
| 2. | संस्कृत | 2005 |
| 3. | तेलुगु | 2008 |
| 4. | कन्नड़ | 2008 |
| 5. | मलयालम | 2013 |
| 6. | ओड़िया | 2014 |

- **मानदंड:**
  - **प्रारंभिक लेखन और ऐतिहासिक विवरणों** की प्राचीनता **1,500 से 2,000 BC** की है।
  - प्राचीन साहित्य/ग्रंथों का संग्रह जिसे **पीढ़ियों द्वारा मूल्यवान विरासत** माने जाते है।
  - किसी अन्य **भाषा समुदाय से उधार न ली गई एक मौलिक साहित्यिक परंपरा** की उपस्थिति।
  - **शास्त्रीय भाषा और साहित्य,** आधुनिक भाषा से भिन्न होने के कारण, **शास्त्रीय भाषा तथा उसके बाद के रूपों अथवा शाखाओं के बीच एक विसंगति** से भी उत्पन्न हो सकती है।
- **लाभ:**
  - जब किसी भाषा को शास्त्रीय घोषित कर दिया जाता है, तब उसे उस **भाषा के अध्ययन के लिये उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने हेतु वित्तीय सहायता** प्रदान की जाती है और साथ ही **प्रतिष्ठित विद्वानों के लिये दो प्रमुख पुरस्कार** प्राप्त करने के मार्ग भी खुल जाते है।
  - इसके अतिरिक्त, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से अनुरोध किया जा सकता है कि वह केंद्रीय विश्वविद्यालयों से शुरुआत करते हुए शास्त्रीय भाषाओं के विद्वानों के लिये व्यावसायिक पीठ स्थापित करना।
- **हालिया घटनाक्रम:**
  - केंद्र सरकार ने **केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय** की भाषाविज्ञान विशेषज्ञ समिति की सिफारिशों के बाद **शास्त्रीय भाषा का दर्जा** देने के मानदंडों को संशोधित करने का निर्णय लिया है।

- भाषाविज्ञान विशेषज्ञ समिति में **केंद्रीय गृह मंत्रालय, संस्कृति मंत्रालय के प्रतिनिधि और साथ ही चार से पाँच भाषा विशेषज्ञ** शामिल होते हैं। इसकी **अध्यक्षता [साहित्य अकादमी](#) के अध्यक्ष द्वारा** की जाती है।
  - **केंद्रीय मंत्रिमंडल** द्वारा अनुमोदन के बाद नए मानदंडों को आधिकारिक रूप से अधिसूचित किया जाएगा।
    - इससे **मराठी जैसी भाषाओं को शास्त्रीय दर्जा देने पर विचार करने** में देरी हुई है।
  - अन्य भाषा समूहों की ओर से भी अपनी भाषाओं को शास्त्रीय भाषा के रूप में वर्गीकृत करने की मांग की जाती रही है। उदाहरण के लिये- बंगाली, तुलु आदि।
    - [राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020](#) के अनुसार **पाली, फारसी और प्राकृत साहित्य** को भी संरक्षित किया जाएगा।

## विभिन्न भाषाओं को शास्त्रीय भाषा के रूप में शामिल करने के तर्क क्या हैं?

- **बंगाली:** भाषा परिवार के अनुसार, **बंगाली को इंडो-यूरोपीय भाषा परिवार की आधुनिक या नई इंडो-आर्यन भाषा के रूप में वर्गीकृत** किया गया है।
  - **बंगाली वर्णमाला और शब्द** 10वीं शताब्दी ई. के **आरंभिक वर्षों में ही साहित्य में दिखाई** देने लगे थे। तब से लेकर अब तक यह विकास के महत्त्वपूर्ण चरणों से गुज़रते हुए अंततः वर्तमान स्वरूप में आ गया है।
  - हालाँकि बंगाल सरकार द्वारा गठित एक पैनल ने स्थापित किया कि बंगाली भाषा की उत्पत्ति **2,500 वर्ष पुरानी** है तथा **ठोस साक्ष्य दर्शाते हैं कि इसका लिखित अस्तित्व तीसरी-चौथी ईसा पूर्व** तक पहुँच चुका था।
    - शोध से पता चलता है कि **बंगाली ने अपनी मौलिक वाक्य रचना संरचना के साथ-साथ** अपने विशिष्ट रूपात्मक और ध्वन्यात्मक पैटर्न को कम-से-कम तीसरी ईसा पूर्व से लेकर अब तक अपने विकास के दौरान बरकरार रखा है।
- **तुलु: तुलू (Tulu) एक द्रविड़ भाषा है, जिसे बोलने-समझने वाले लोग मुख्यतया कर्नाटक के दो तटीय ज़िलों और केरल के कासरागोड ज़िले में रहते हैं।**
  - विद्वानों का मानना है कि **तुलु वह भाषा है जो लगभग 2,000 वर्ष पहले मूल द्रविड़ भाषाओं से अलग हो गई थी और यह द्रविड़ परिवार की सबसे विकसित भाषाओं** में से एक है।
  - इस भाषा का उल्लेख **तमिल के संगम साहित्य और ग्रीक पौराणिक कथाओं में भी** किया गया है।
  - तुलु में **मौखिक साहित्य की समृद्ध परंपरा** है, जिसमें पद्दना (Paddana) जैसे लोकगीत और पारंपरिक लोकनाट्य यक्षगान शामिल हैं।

## भाषा से संबंधित सांविधानिक प्रावधान क्या हैं?

- **आठवीं अनुसूची:**
  - इसका उद्देश्य **हिंदी के प्रगामी प्रयोग को बढ़ावा देना** तथा भाषा को समृद्ध और **संवर्धित करना** था।
  - **अनुच्छेद 344(1)** में संघ के राजकीय प्रयोजनों के लिये हिंदी के प्रगामी प्रयोग हेतु संविधान के प्रारंभ से **पाँच वर्ष की समाप्ति पर** राष्ट्रपति द्वारा एक **आयोग के गठन** का प्रावधान है।
  - संविधान के **अनुच्छेद 351** के अनुसार **हिंदी भाषा का प्रचार-प्रसार करना**, उसका विकास करना ताकि वह भारत की सामासिक संस्कृति के सब तत्त्वों की अभिव्यक्ति का माध्यम बन सके, **संघ का कर्त्तव्य होगा।**
  - **आठवीं अनुसूची में शामिल भाषाएँ:** संविधान की आठवीं अनुसूची में निम्नलिखित 22 भाषाएँ शामिल हैं:
    - असमिया, बांगला, गुजराती, हिंदी, कन्नड़, कश्मीरी, कोंकणी, मलयालम, मणिपुरी, मराठी, नेपाली, उड़िया, पंजाबी, संस्कृत, सिंधी, तमिल, तेलुगु, उर्दू, बोडो, संथाली, मैथिली और डोगरी।
      - उक्त भाषाओं में से **केवल 14 को ही प्रारंभ में** आठवीं अनुसूची में **शामिल किया गया** था।
      - सिंधी भाषा को वर्ष 1967 **(21वें संशोधन अधिनियम)** में शामिल किया गया।
      - तीन और भाषाओं कोंकणी, मणिपुरी तथा नेपाली को वर्ष 1992 **(71वें संशोधन अधिनियम)** में शामिल किया गया।
      - बोडो, डोगरी, मैथिली और संथाली को वर्ष 2004 **(92वें संशोधन अधिनियम)** में शामिल गया।
  - **आठवीं अनुसूची में अन्य भाषाओं को शामिल करने की मांग:** वर्तमान में आठवीं अनुसूची में **38 और भाषाओं को शामिल करने की मांग** की जा रही है। उदाहरण: अंगिका, बंजारा, बज्जिका, भोजपुरी आदि।
  - **आठवीं अनुसूची में भाषाओं को शामिल करने की वर्तमान स्थिति:** चूँकि **बोलियों और भाषाओं का विकास गतिशील** है जो सामाजिक-आर्थिक-राजनीतिक विकास से प्रभावित होते हैं इसलिये मामला अभी भी सरकार के विचाराधीन है और इसपर निर्णय **पाहवा (1996) तथा सीताकांत महापात्र (2003) समिति** की अनुशंसा के अनुरूप लिया जाएगा।
- **संघ की भाषा:**
  - **अनुच्छेद 120:** यह संसद में प्रयोग की जाने वाली भाषा से संबंधित है।
  - **अनुच्छेद 210:** यह अनुच्छेद 120 के समान है किंतु यह राज्य विधानमंडल पर कार्यान्वित होता है।
  - **अनुच्छेद 343:** इसके अनुसार संघ की राजभाषा **हिंदी** और लिपि **देवनागरी** होगी।
- **क्षेत्रीय भाषाएँ:**
  - **अनुच्छेद 345:** राज्य विधानमंडल को राज्य के लिये कोई भी **आधिकारिक भाषा** अपनाने की अनुमति देता है।
  - **अनुच्छेद 346:** राज्यों के बीच तथा राज्यों और संघ के बीच संचार के लिये **आधिकारिक भाषा निर्दिष्ट** करता है।
  - **अनुच्छेद 347:** यदि मांग की जाए तो **राष्ट्रपति को किसी राज्य की आबादी के किसी वर्ग द्वारा बोली जाने वाली किसी भी भाषा को मान्यता** देने का अधिकार है।
- **विशेष निर्देश:**
  - **अनुच्छेद 29**: यह **अल्पसंख्यकों के हितों की रक्षा** करता है। इसमें कहा गया है कि नागरिकों के किसी भी वर्ग को अपनी **विशिष्ट भाषा, लिपि या संस्कृति को संरक्षित करने** का अधिकार है।
  - **अनुच्छेद 350:** यह सुनिश्चित करता है कि प्रत्येक **व्यक्ति को संघ या राज्य** में प्रयुक्त किसी भी भाषा में किसी भी शिकायत के निवारण के लिये अभ्यावेदन प्रस्तुत करने का अधिकार है।

- **अनुच्छेद 350A:** राज्यों को निर्देश दिया गया है कि **वे भाषाई अल्पसंख्यक समूहों के बच्चों को शिक्षा के प्राथमिक स्तर** पर मातृभाषा में शिक्षा के लिये पर्याप्त सुविधाएँ प्रदान करें।
- **अनुच्छेद 350B: राष्ट्रपति द्वारा** नियुक्त **भाषाई अल्पसंख्यकों के लिये एक विशेष अधिकारी** की स्थापना की गई, जिसका कार्य संविधान के तहत भाषाई अल्पसंख्यकों के लिये प्रदान किये गए सुरक्षा उपायों से संबंधित मामलों की जाँच करना था।

**दृष्टि मेन्स प्रश्न:**

**प्रश्न.** भारत में विभिन्न भाषाओं को शास्त्रीय भाषा का दर्जा दिये जाने की चल रही मांग पर चर्चा कीजिये। साथ ही ऐसी मान्यता के निहितार्थों का विश्लेषण कीजिये।

## UPSC सिविल सेवा परीक्षा,विगत वर्ष के प्रश्न

### ??????????:

**प्रश्न. निम्नलिखित में से किसे शास्त्रीय भाषा का दर्जा दिया गया? (2015)**

(a) उड़िया
(b) कोंकणी
(c) भोजपुरी
(d) असमिया

**उत्तर: (a)**

---

**प्रश्न. निम्नलिखित भाषाओं पर विचार कीजिये: (2014)**

1. गुजराती
2. कन्नड़
3. तेलुगू

**उपर्युक्त में से किसे/किन्हें सरकार द्वारा 'शास्त्रीय भाषा/भाषाएँ' घोषित किया गया है?**

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 3
(c) केवल 2 और 3
(d) 1, 2 और 3

**उत्तर: (c)**

---

### ??????:

**प्रश्न. क्या आप सहमत हैं कि भारत में क्षेत्रीयता बढ़ती हुई सांस्कृतिक मुखरता का परिणाम प्रतीत होती है? तर्क कीजिये। (2020)**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/criteria-for-classical-language